भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड,
भोपालपानी, देहरादून

संख्याः 3279/भू0खनि0नि0/ई0नीला0/2023–24 दिनांकः 26/09/23

नदीतल उपखनिज लॉटों को ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से आवंटन किये जाने हेतु निविदा आमंत्रण सूचना

उत्तराखण्ड शासन, औद्योगिक विकास अनुभाग–1 की अधिसूचना सख्या 977/VII-A-1/2023-24ख/2007 दिनांक 16 जून, 2023 के द्वारा प्रख्यापित उत्तराखण्ड उप–खनिज (परिहार) नियमावली–2023 के अध्याय–4 के नियम–20 (1), (2) एवं (4) में राजस्व/वन भूमि नदीतल उपखनिज लॉटों की घोषणा किये जाने, घोषित उपखनिज लॉटों का ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से आवंटन की कार्यवाही का प्रावधान किया गया है। उक्त के क्रम में भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून के कार्यालय ज्ञांप संख्या 2563/र0ख0लॉ0/ई0नी0 /वि0का0ज्ञ0/भू0खनि0नि0/2023–24 दिनांक 22 अगस्त, के द्वारा जनपद स्तर पर गठित समिति द्वारा **जनपद नैनीताल के 12 लॉट, जनपद देहरादून के 17 लॉट, जनपद हरिद्वार के 09 लॉट, जनपद ऊधमसिंह नगर के 08 लॉट, कुल 46 चिन्हित रिक्त उपखनिज लॉट** को ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से खनिज परिहार पर स्वीकृत किये जाने हेतु विज्ञापित किये जाने की प्रदत्त स्वीकृति के क्रम में, उक्त नियमावली के नियम–20(2) के प्रावधानानुसार 05 है0 से कम क्षेत्रफल के उपखनिज लॉटों को राज्य के मूल निवासी/निवासियों की समितियों/फर्म/कम्पनियों को 05 वर्ष की अवधि हेतु ई–निविदा सह ई–नीलामी (E-Tender cum E-Auction) के माध्यम से आवंटन के लिए तकनीकी निविदा (Technical bid) एवं वित्तीय निविदा (Financial Bid) इच्छुक बोलीदाताओं से निम्नवत् वर्णित विवरणानुसार Online आमंत्रित की जाती है।

1. चिन्हित/रिक्त उपखनिज लॉटों का जनपदवार विवरण जिनके लिए निविदा आमंत्रित की जा रही है :–

क्र0सं0	जनपद का नाम	लॉटों की संख्या
1	नैनीताल	12
2	देहरादून	17
3	हरिद्वार	09
4	ऊधमसिंह नगर	08
कुल योग		**46**

2. ई–निविदा सह ई–नीलामी की समय सारणी :–

विज्ञापन प्रकाशन की तिथि	दिनांक 27.09.2023 (बुधवार)
uktenders.gov.in पर निविदा अपलोड की तिथि	दिनांक 27.09.2023 (बुधवार)
uktenders.gov.in से निविदा डाउनलोड आरम्भ करने की तिथि	दिनांक 28.09.2023 (बृहस्पतिवार)
प्री–बिड मीटिंग (निदेशालय में)	दिनांक 06.10.2023 (शुक्रवार) पूर्वाहन 11:00 बजे से
प्री–बिड संशोधन अपलोड करने की तिथि	दिनांक 09.10.2023 (सोमवार) पूर्वाहन 11:00 बजे से
ऑनलाइन ई–निविदा जमा करने हेतु आरम्भ तिथि	दिनांक 09.10.2023 (सोमवार) पूर्वाहन 11:00 बजे से
ऑनलाइन ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय	दिनांक 18.10.2023 (बुधवार) को सांय 05:00 बजे तक
तकनीकी निविदा खोलने तथा ई–निविदा के परीक्षण/मूल्याकंन आरम्भ किये जाने की तिथि एंव समय	दिनांक 19.10.2023 (बृहस्पतिवार) पूर्वाहन 12:00 बजे से
समिति द्वारा तकनीकी निविदा के परीक्षण/मूल्यांकन के उपरान्त सफल निविदादाताओं की सूची वैबसाइट www.uktenders.gov.in में अपलोड करते हुये वित्तीय निविदा खोलने की तिथि एवं समय की घोषणा की जायेगी एवं तद्नुसार परिणाम उक्त वेबसाईट पर अपलोड किया जायेगा।	

समस्त प्रतिभागी निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि निविदित खनन लॉट एवं निविदा की प्रक्रिया का विस्तृत विवरण तकनीकी निविदा (Technical Bid) तथा वित्तीय निविदा (Financial Bid) प्रपत्र में किया गया है। उक्त निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, रायपुर–थानो रोड़, भोपालपानी, देहरादून से तथा राज्य सरकार की वेबसाईट uktenders.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट dgm.uk.gov.in से डाउनलोड कर भी प्राप्त किया जा सकता है, जिस हेतु रू0 20,000.00 (बीस हजार मात्र) विभागीय लेखाशीर्षक 0853–00–102–01–00 में ऑनलाइन जमा किया जाएगा + उक्त धनराशि का 18% GST का बैक ड्राफ्ट **निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय** के पक्ष में पृथक से जमा कराते हुए जमा चालान एवं बैक ड्राफ्ट की प्रति निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि से पूर्व मूल में निदेशालय में जमा कराई जानी आवश्यक होगी। निविदा प्रपत्र क्रय किये जाने हेतु जमा चालान एवं बैक ड्राफ्ट की प्रति तकनीकी निविदा (Technical Bid) के साथ भी अपलोड की जानी आवश्यक होगी। सभी निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि उक्तानुसार निविदा प्रपत्र प्राप्त कर उसका भली–भांति अध्ययन करने के उपरान्त ही निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। अस्पष्ट एवं अपूर्ण निविदा प्रपत्रों/आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा।

(एस0 एल0 पैट्रिक)
निदेशक